


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 13 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 169 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







### युद्ध ने तोड़ दी बाजार की कमर
## Sensex टूटा, Nifty फिसली



**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध और कच्चे तेल की आसमान छूती कीमतों ने आज भारतीय शेयर बाजार की कमर तोड़ दी है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन, शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार भारी बिकवाली के साथ खुले। पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध और कच्चे तेल की आसमान छूती कीमतों ने आज भारतीय शेयर बाजार की कमर तोड़ दी है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन, शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार भारी बिकवाली के साथ खुले। 30 शेयरों वाला BSE Sensex 590.2 अंक या 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,444.22 पर खुला, जबकि Nifty 176.65 अंक गिरकर 23,462.50 पर खुला। पिछले ट्रेडिंग सत्र में, Sensex 76,034.42 पर और Nifty 50 23,639.15 पर बंद हुआ था। इसी तरह, शुरुआती सत्र में व्यापक इंडेक्स भी लाल निशान में कारोबार करते दिखे।

## बिहार में जहरीली शराब से 5 की मौत, 4 लोग हो गए अंधे



**छपरा/मशरक (सारण)।** सारण जिले में संदिग्ध रूप से जहरीली शराब पीने से मौत की घटनाओं को लेकर स्थिति गंभीर होती जा रही है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि चार लोगों की आंखों की रोशनी प्रभावित होने के कारण उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, कई अन्य लोग निजी क्लीनिकों में उपचार करा रहे हैं। हालांकि, जिला प्रशासन ने अब तक किसी भी मौत को जहरीली शराब पीने होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

# उ.कोरिया-अमेरिका में भी ठनी!

## द.कोरिया के साथ यूएस की ड्रील को लेकर भड़के किम जोंग उन

**● दोनों देशों का युद्धाभ्यास कोरियाई प्रायद्वीप में भी तनाव बढ़ा सकता है**



**नई दिल्ली।** ईरान से युद्ध लड़ रहे अमेरिका को उत्तर कोरिया की तरफ से चेतावनी दे दी गई। चेतावनी उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन और उनकी बहन ने दी। उन्होंने अमेरिका ही नहीं बल्कि दक्षिण कोरिया पर भी अपना गुस्सा निकाला। दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया एक दूसरे के पड़ोसी हैं। दोनों की आपस में युद्ध लड़ाई है। दुश्मनी चल रही है दशकों से। लेकिन दक्षिण कोरिया के साथ अमेरिका खड़ा है। वो उसका सहयोगी है। ईरान से चल रही जंग के बीच ही अमेरिका ने दक्षिण कोरिया की सेना के साथ मिलकर एक ड्रिल शुरू कर दी। यानी एक तरफ तो अमेरिका पश्चिम एशिया में जंग लड़ रहा है ईरान से। दूसरी तरफ वो युद्ध अभ्यास करने में भी जुट गया। हालांकि ये युद्धभ्यास ईरान की जमीन से जमीन से बहुत दूर शुरू किया गया। हजारों किलोमीटर दूर दक्षिण कोरिया की धरती पर इस ड्रिल में अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैकड़ों सैनिक शामिल हुए और उन्होंने दुश्मन को मार गिराने का अभ्यास किया। हालांकि ये कोई नई बात नहीं है जब इन दोनों देशों ने एक साथ सैन्य अभ्यास किया। वो पहले भी अपनी सैन्य तैयारियों को परखते रहते हैं। लेकिन अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को उत्तर कोरिया अपने लिए खतरा बताता रहा है। उसका कहना है कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका मिलकर उत्तर कोरिया के खिलाफ जंग की तैयारी कर रहे हैं। उस पर हमला करना चाहते हैं। इसी बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने 11 दिन तक चलने वाला चलने वाले साझा युद्ध अभ्यास की शुरुआत कर दी। इस पर उत्तर कोरिया गुस्से से आग बबूला हो गया। उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उनकी बहन किम यो जोंग बुरी तरह भड़क गई। उन्होंने अमेरिका और दक्षिण कोरिया की ड्रिल की आलोचना की। किम यो जोंग का कहना है कि दुनिया के कई देश पहले ही युद्ध लड़ रहे हैं। इन युद्धों की वजह से दुनिया की सुरक्षा पहले ही खतरे में है। ऐसे में अमेरिका और दक्षिण कोरिया की ड्रिल कोरियाई प्रायद्वीप में भी तनाव बढ़ा सकती है। वहां भी जंग के हालात बन सकते हैं। इसीलिए किम जोंग उनकी बहन ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साझा युद्ध अभ्यास का विरोध किया।

# गैस की किल्लत पर चूल्हा लेकर सड़क पर उतरी कांग्रेस

**● होटल-रेस्टोरेंट में स्टाक खत्म होने से लटकने लगे ताले**





**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में LPG की किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लाइनें हैं। गैस सिलेंडर की काला बाजारी और जमाखोरी भी हो रही है। कॉमर्शियल सिलेंडर की बुकिंग 4 दिन से बंद है। वहीं पंजाब में लाइन में लगे बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। केरल में गैस किल्लत से करीब 40 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर है। उधर, दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एलपीजी सप्लाई की बिगड़ी स्थिति को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध जताने के लिए अपने साथ मिट्टी के चूल्हे लेकर आए थे। होटल-रेस्टोरेंट में गैस का स्टॉक खत्म होने से बिजनेस ठप होने लगे हैं। कई जगह ताले भी लटकने लगे हैं। वहीं कोटा समेत कई शहरों में हॉस्टल मेस और ढाबों में मजबूरी में लकड़ी, कोयले और इलेक्ट्रिक चूल्हों पर खाना बनाया जा रहा है। कई शहरों में एजेंसियों पर सुबह 5 बजे से ही लंबी लाइनें लग रही हैं और सिलेंडर न मिलने पर लोगों की पुलिस से झड़प तक हो रही है। इस संकट के बीच सिलेंडर की कालाबाजारी भी हो रही है, जिसके विरोध में कांग्रेस ने जयपुर में सिलेंडर की शवयात्रा निकाली।

### एलपीजी संकट पर विपक्ष का संसद के बाहर प्रदर्शन

नयी दिल्ली। लोकसभा में शुक्रवार को भी प्रश्नकाल की शुरुआत के साथ हीं विपक्ष ने हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसद 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग कर रहे थे। ओम बिरला ने कहा- सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। संसद की प्रतिष्ठा बनाने की जिम्मेदारी सभी की है। इसके बाद लोकसभा पहले 12 बजे तक और दूसरी बार 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले विपक्षी दलों ने संसद परिसर में प्लेकार्ड दिखाकर LPG संकट पर प्रदर्शन किया।

## पीरियड्स लीव की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार




नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में महिला छात्रों और कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म की छुट्टी (menstrual leave) देने वाली देशव्यापी नीति बनाने की मांग की गई थी, लेकिन आज शुक्रवार को कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऐसी स्थिति में कोई भी उन्हें नौकरी नहीं देगा। हालांकि शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि विभाग से जुड़े प्राधिकारी इस आवेदन पर विचार कर सकते हैं और सभी संबंधित हितधारकों से परामर्श करने के बाद मासिक धर्म की छुट्टी पर एक नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं।

# ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई कोमा में!

## अमेरिका के एयर स्ट्राइक में गंभीर रूप से घायल, काटना पड़ा एक पैर



**● ट्रंप ने कहा वो सिर्फ नाम के लिए जिंदा हैं**

**तेहरान।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के बारे में रिपोर्ट है कि वह एयर स्ट्राइक में गंभीर रूप से घायल होने के बाद कोमा में हैं और उनका एक पैर काटना पड़ा है। उनका इलाज तेहरान के सीना विश्वविद्यालय अस्पताल में कड़ी सुरक्षा के बीच चल रहा है। यह दावा ब्रिटेन के टैबलॉयड अखबार द सन की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार 56 वर्षीय मोजतबा खामेनेई उस एयर स्ट्राइक में बुरी तरह घायल हो गए थे, जिसमें उनके पिता और ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत हो गई थी। बताया गया है कि हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में तेहरान में इलाज के लिए ले जाया गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें 28 फरवरी को हुए उसी एयर स्ट्राइक में चोटें आईं, जिसमें 86 वर्षीय अली खामेनेई की हत्या हुई थी या किसी अन्य हमले में। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए सुप्रीम लीडर की स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया है। फॉक्स न्यूज रेडियो से बातचीत के दौरान जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि मोजतबा खामेनेई जीवित हैं, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह शायद ही जिंदा हैं।

### ईरान की आग लगाने की धमकी से दहला तेल बाजार

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया इन दिनों बारूद के ढेर पर खड़ा है। पिछले दो हफ्तों से जारी भीषण सैन्य टकराव ने पूरी दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा को हिला कर रख दिया है। हालात तब और भड़क उठे जब ईरान ने खुलेआम चेतावनी दे डाली कि उसके ऊर्जा ठिकानों पर हमला हुआ तो वह पूरे क्षेत्र के तेल और गैस ढांचे को आग के हवाले कर देगा। इस धमकी ने वैश्विक तेल बाजार में हड़कंप मचा दिया है और सप्लाई ठप पड़ने का डर और गहरा गया। इसी बढ़ते संकट के बीच अब अमेरिका ने अचानक रुख बदलते हुए दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी मंजूरी देने का फैसला किया है।

### सभी देशों को रूसी तेल खरीदने की अमेरिका ने दी 30 दिन की छूट

**नई दिल्ली।** ट्रम्प प्रशासन ने दूसरे देशों को भी रूस से तेल खरीदने की अस्थाई मंजूरी दे दी है। रूस के कई ऑयल टैंकर समुद्र में फंसे हैं। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों में ढील देने की बात कह- ी थी। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है। वहीं, ईरान चेतावनी दे चुका है कि कच्चे तेल की कीमतें 200 डॉलर के पार पहुंच सकती हैं।

### अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर पर ईरान का मिसाइल अटैक

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिका के बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर USS अब्राहम लिंकन पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में जहाज को भारी नुकसान हुआ है। यह फारस की खाड़ी में तैनात था। ईरानी सेना की स्पेशल यूनिट इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) का कहना है कि हमले के बाद यह एयरक्राफ्ट कैरियर अब पीछे हट रहा है और अमेरिका की तरफ लौट रहा है।

### फ्रांसीसी सैनिक की मौत से और गहराएगा पश्चिम एशिया संकट

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष अब और खतरनाक रूप लेता दिख रहा है। पश्चिम एशिया में धधक रहा युद्ध खतरनाक रूप से फैलता नजर आ रहा है। इसी बीच इराक के कुर्द इलाके एरबिल में हुए घातक हमले ने हालात की गंभीरता और बढ़ा दी, जहां एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गई। इस बात की जानकारी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट के जरिए दी। मैक्रों ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमला अस्वीकार्य है। उन्होंने मृतक सैनिक के परिवार और साथियों के प्रति गहरी संवेदना और एकजुटता व्यक्त की।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 13 मार्च, शुक्रवार, 2026 (3)





# कड़ी सुरक्षा में अलविदा की नमाज

## रोजेदारों ने मुल्क की तरक्की व खुशहाली की मांगी दुआ



● हाईअलर्ट पर प्रशासन, संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी

● खामनेई की मौत से गमज़दा शिया समुदाय नहीं मनाएगा ईद

**वाराणसी।** वाराणसी में अलविदा जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट है। चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रही। संवेदनशील इलाकों की ड्रोन से निगरानी की गयी। काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर NSG कमांडो तैनात किए गए। कोतवाली की जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई। यहां नमाजियों की एक बड़ी संख्या नमाज पढ़ने के लिए पहुंचती है। अलविदा जुमे की नमाज के बाद रोजेदार गमजदा नजर आए। लोगों ने रमजान की बरकतों को साझा करते हुए एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। अर्दली बाजार शिया मस्जिद के मौलाना मतवाली सैयद जफर अब्बास रिजवी ने रोते हुए कहा कि इस बार ईरान में हुई खमेनेई की शहादत को लेकर शिया मुसलमान ईद नहीं मनायेंगे। शिया समुदाय की ईद को हर बार की तरह नहीं होगी। वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने अलविदा की नमाज के दौरान सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। सीपी ने रोजेदारों और दुकानदारों से बातचीत की। उन्होंने अलविदा की दो नमाज की आशंका पर सवाल भी किया तो रोजदार ने जवाब भी दिया।वाराणसी में आज मस्जिदों में नमाज दो शिफ्ट में अदा की गयी। ज्ञानवापी और लाटसरैयां में कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज अदा की गयी। मुफ्ती-ए-बनारस अब्दुल बातिन नोमानी ने कहा कि रमजान के आखिरी जुमे (शुक्रवार) को इमाम व मुअज्जिन जुमे की नमाज की रवायत पूरी करेंगे। दुआओं में मुल्क की तरक्की-खुशहाली के लिए बारगाहे इलाही में मिन्नतें भी की। इसके लिए मस्जिदों के अलावा कई जगह छतों पर टेंट की व्यवस्था होगी। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद शिया समुदाय में नाराजगी देखी जा रही है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश में अलविदा जुमे पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने सेंसिटिव एरिया में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है। साथ ही संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

## महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा का निधन



● व्यापारियों में शोक की लहर


**वाराणसी।** वाराणसी जिले में महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा का शुक्रवार की सुबह हृदयाघात से निधन हो गया। व्यापारियों की समस्याओं के लिए हमेशा मुखर रहने वाले प्रेम मिश्रा के अचानक निधन से शहर के व्यापारियों और उद्यमियों में शोक की लहर है। समिति के संरक्षक आर.के. चौधरी और नारायण खेमका ने अपूरणीय क्षति बताई। महामंत्री अशोक जायसवाल, युवा अध्यक्ष सुजीत गुप्ता और राहुल मेहता ने कहा कि उन्होंने जीवन का हर पल व्यापारियों के हक, सम्मान और अधिकार की लड़ाई के लिए समर्पित किया। रजनीश कन्नौजिया और सुरेश तुलस्यान ने कहा कि उनका जाना पूरे व्यापार समाज के एक मजबूत स्तंभ के टूट जाने जैसा है। उधर, वाराणसी व्यापार मंडल काशी प्रांत के अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरि और महामंत्री सनी जौहर ने भी शोक जताया।

## दिव्य कला कौशल प्रदर्शनी का मंत्री ने किया अवलोकन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा राज्य निधि अन्तर्गत कामता प्रसाद सेवार्थ ट्रस्ट के सहयोग से जनपद वाराणसी में 'दिव्य कला कौशल प्रदर्शनी'' का शुभारंम्भ 12 मार्च को मंत्री नरेन्द्र कश्यप, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उ0प्र0 द्वारा 'गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल, चौकाघाट में किया गया। 'दिव्य कला कौशल प्रदर्शनी'' में मण्डल स्तर से आये हुये 30 स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा दिव्यांगजनों द्वारा हस्त निर्मित उत्कृष्ट उत्पाद व बुक स्टॉल की प्रदर्शनी लगायी गयी थी जिसका अवलोकन मंत्री ने किया एवं दिव्यांगजनों व स्वैच्छिक संस्थाओं का उत्साहवर्धन किया। मंत्री द्वारा दिव्यांगजनों को 125 सहायक उपकरणा (ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन एवं आई0डी0 किट) का वितरण किया गया। साथ ही जनपद की 20 विभूतियों एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त किये हुये 100 विद्यार्थियों को ''ओ लेवल'' सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

## 15 मार्च से नहीं गूंजेगी शहनाई मांगलिक कार्यों पर लग जाएगा विराम



**वाराणसी।** चार फरवरी से आरंभ वैवाहिक लग्नों का दौर अब अंतिम चरण में है। 14 मार्च के पश्चात यह 36 दिनों के लिए विराम लेने जा रहा है। 15 मार्च की भोर में 3:36 बजे सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करते ही खरमास आरंभ हो जाएगा। ऐसे में अब 20 अप्रैल तक विवाह की बरातें रुक जाएंगी, बैंड बाजे ठप रहेंगे, दावतों के दौर थम जाएंगे। पुनः 20 अप्रैल से वैवाहिक लग्न आरंभ होंगी। सूर्य ठीक एक माह बाद 14 अप्रैल की सुबह 11:45 बजे ही मीन से मेष राशि में प्रवेश कर जाएंगे और सनातन धर्मावलंबी मेष संक्रांति यानी सतुआ संक्रांति तथा वैशाखी का पर्व मनाएंगे लेकिन विवाह के शुभ मुहूर्त 20 अप्रैल से ही मिलेंगे।

## पैसे के लिए दामाद ने ससुर को उतारा मौत के घाट

● बीवी-बच्चों की चीख-पुकार पर भी नहीं माना

● घटना को अंजाम देकर वहीं बैठा रहा आरोपी



**वाराणसी।** वाराणसी जनपद के बड़ागांव थाना क्षेत्र में जमीन के पैसे को लेकर हुए विवाद में एक दामाद ने अपने ससुर की गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत गड़वा गांव में बीती रात हुई। वारदात के समय दामाद की पत्नी और बच्चे भी मौके पर मौजूद थे। पुलिस के अनुसार, पत्नी लगातार पति को रोकने का प्रयास करती रही, जबकि बच्चे चीखते-चिल्लाते रहे। हालांकि, दामाद ने किसी की बात नहीं सुनी और ससुर की जान ले ली। घटना के बाद आरोपी दामाद घर में ही बैठा रहा। मृतक की बेटी द्वारा सूचना दिए जाने के बाद बड़ागांव थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने ससुर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सिर्फ सफाई नहीं, शहर के लुक पर भी फोकस



● खामियों को ढूंढकर दुरूस्त करना हमारी जिम्मेदारी

**वाराणसी।** नगर आयुक्त हिंमाशु नागपाल ने स्पष्ट किया कि अब केवल कूड़ा उठाना काफी नहीं है, बल्कि शहर के सुंदरीकरण से जुड़े हर छोटे पहलू पर काम करना होगा। वाराणसी प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है और स्वच्छता उनके प्राथमिक एजेंडे में है। ऐसे में घर-घर से कूड़ा उठाने के साथ-साथ शहर के सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, वॉल पेंटिंग, जंग लगे खंभों की रंगाई और लटकते बिजली के तारों जैसी समस्याओं को प्राथमिकता पर दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग चाहे कोई भी हो, खामियों को चिन्हित कर उन्हें हर हाल में ठीक कराना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यशाला में नगर आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि जो लोग सफाई के बाद सड़कों पर कूड़ा फेंकते हैं या सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करके नहीं देते, उन्हें चिन्हित कर उन पर जुर्माना लगाया जाए। अपर नगर आयुक्त सविता यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन वार्डों में चार श्रेणियों के डस्टबिन और स्टीकर बांटे गए हैं, वहां शत-प्रतिशत सोर्स सेग्रिगेशन सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरूक करें।

### निगम ने निजी पार्किंग संचालकों से मांगा ब्यौरा

**वाराणसी।** स्मार्ट सिटी बैठक सभागार में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में पार्किंग प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम ने निजी पार्किंग संचालकों से एक सप्ताह के भीतर पार्क होने वाले वाहनों की औसत संख्या, उपलब्ध खाली स्पेस और संचालन पर होने वाले खर्च का विस्तृत विवरण तलब किया है।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने किया सांसद विकास निधि से होने वाले कार्य का शिलान्यास



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कैंट विधानसभा के अंतर्गत सिगरा वार्ड संख्या 53 में मकान संख्या डी059/103-डी-5-के0एच0 नवीन खन्ना के मकान से लेकर मकान संख्या डी0 59/103-एन राजीव मिश्रा जी सिगरा के मकान तक इंटरलाकिंग कार्य का शिलान्यास महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने भूमि पूजन के साथ नारियल फोड़कर किया। कार्य की लंबाई 77 मीटर एवं लागत, 07.05 लाख है। कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड वाराणसी है।

## जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता शुरू

# कई जनपद के खिलाड़ियों की भागीदारी

● डॉ भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर में किया गया आयोजन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, वाराणसी के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 'उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग' के अन्तर्गत वाराणसी जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन 13 व 14 मार्च को किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता में वाराणसी जोन के अन्तर्गत जनपद- वाराणसी, गाजीपुर, चन्दौली, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, मीरजापुर, भदोही, सोनभद्र के कुल 12 संसदीय क्षेत्रों से सांसद खेल स्पर्धा के विजेता/प्रथम स्थान धारक खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन गिरीश चंद्र यादव मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर वाराणसी में प्रातः 11:00 बजे किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या एवं विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि हैं। दो दिवसीय जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, कुश्ती, कबड्डी, बैडमिंटन, जूडो, भारोत्तोलन, वॉलीबॉल खेलो का आयोजन किया गया है।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## बीएचयू ट्रामा सेंटर पहुंचे जिलाधिकारी

● 150 बेड वाले सीसीएच भवन के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर में निर्माणाधीन 150 बेड वाले सीसीएच (क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल) भवन, बीएचयू में राष्ट्रीय वृद्धावस्था केंद्र, बीएचयू में 1200 सीट वाले बालिका छात्रावास और ट्रांसपोर्ट नगर, मोहनसराय का गुरूवार को औचक स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति जानी और अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अभियंता ने बताया कि इस परियोजना के मुख्य भवन संरचना का कार्य पूरा हो गया है। सर्विस ब्लॉक की रिटेनिंग वॉल, प्लास्टर और फर्श तथा पानी की टंकी बिछाने के स्टील का काम चल रहा है। जिलाधिकारी ने अस्पताल में निर्मित खिड़कियों के शीशे व फ्रेम, सैंपल शौचालय और आईसीयू बेड के सैंपल बेड आदि के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन किया और शेष निर्माण कार्यों को भी तय समय में शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

## जीवन चर्या एवं स्वास्थ्य विषय पर संवाद

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा ग्राम भंदहा कला में संचालित आशा लाइब्रेरी में बृहस्पतिवार को जीवन चर्या एवं स्वास्थ्य विषय पर संवाद का आयोजन किया गया। उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए वाराणसी के पंचकर्म और अग्निकर्म के विशेषज्ञ वैद्य आनंद पाण्डेय ने कहा कि संतुलित और पौष्टिक आहार हार्मोन को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । यह इंसुलिन, कोर्टिसोल और प्रजनन हार्मोन आदि को नियंत्रित करता है, जिससे वजन, मूड और ऊर्जा का स्तर ठीक रहता है । पौष्टिक भोजन के अलावा, रोजाना व्यायाम करना और तनाव मुक्त रहने से भी हार्मोन सही रहते हैं। मौसमी फल और सब्जियां प्राकृतिक रूप से ताजी, अधिक पौष्टिक, स्वादिष्ट और सस्ती होती हैं ।



## सुल्तानपुर समाचार

### बुकिंग पर भी सिलिंडर नहीं मिला, शादी वाले घरों में ज्यादा परेशानी



**सुल्तानपुर।** रसोई गैस सिलिंडरों के लिए बृहस्पतिवार को भी कई गैस एजेंसियों व गोदामों पर उपभोक्ताओं की कतार लगी रही। इन एजेंसियों पर पहुंचे सभी उपभोक्ताओं ने एक ही समस्या बताई कि बुकिंग के बाद भी नहीं सिलिंडर नहीं मिल रहे। विभागीय अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं।रसोई गैस सिलिंडर की किल्लत से छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद होने लगे हैं। हालांकि, पूर्ति विभाग पर्याप्त आपूर्ति का दावा कर रहा है। जिले में 42 गैस एजेंसियों से करीब छह लाख से अधिक उपभोक्ता जुड़े हैं। सहालग और रमजान की माह की वजह से सिलिंडरों की मांग भी बढ़ी है। जिले में इस समय एक दिन में औसतन 50 से अधिक शादियां हो रही हैं। परिवार के लोग इस समस्या से परेशान हैं। कुछ लोग रिश्तेदार व पड़ोसियों से सिलिंडर लेकर काम चला रहे हैं। कुछ जगहों पर मजबूरी में लकड़ी का उपयोग होने लगा है। गैस सिलिंडर की समस्या का असर लंभुआ, बल्दीराय, कादीपुर, अखंडनगर, दोस्तपुर, कुड़वार सहित कई क्षेत्रों में देखने को मिला।देहलीबाजार स्थित गैस एजेंसी पर बृहस्पतिवार को गैस खत्म हो गई की नोटिस लगी मिली। सुखबड़ेरी निवासी शिवा ने बताया कि बुकिंग के बाद भी गैस नहीं मिली। आरोप लगाया कि डीएसओ के नंबर पर कई बार फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा।

## मऊ समाचार

### दरवाजा खुला छोड़ दुपट्टे से फंदा लगाकर महिला दी जान

**मऊ।** मधुबन थाना क्षेत्र के कमधेनवा गांव निवासी सरिता (35) ने बृहस्पतिवार की सुबह दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मां को फंदे से लटकता देख बेटी चिल्लाने लगी। पट्टीदारों ने दुपट्टा काटकर नीचे उतारा तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव जिला अस्पताल भेज दिया। कमधेनवा निवासी अमरजीत प्रसाद ने बताया कि वह बृहस्पतिवार की सुबह मजदूरी करने चले गए थे। 11 बजे के बाद घटना की जानकारी मिली।

बताया कि घर पर दो बेटे, एक बेटी और उनकी बहन थी। सुबह 11 बजे बेटी घर के अंदर पहुंची तो देखा कि मां पंखे से लगे फंदे से लटक रही है और स्टूल बिस्तर से नीचे गिरा था। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## बलिया समाचार

### झटका मशीन ने एक झटके में छीन ली पूर्व प्रधान की पत्नी की सांसें, खेत में पाइप बिछाते समय हुई मौत



**बलिया।** शहर से सटे निधरिया गांव में झटका मशीन की चपेट में आने से पूर्व प्रधान की पत्नी की मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। वहीं इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त रहा।

फेफना थाना के निधरिया गांव में खेत के घेराबंदी में झटका मशीन लगा हुआ था। शुक्रवार को पूर्व प्रधान लाल बिहारी की पत्नी लक्ष्मी देवी (48) खेत की सिंचाई के लिए पाइप बिछा रही थीं, उसी दौरान पड़ोसी के खेत में घेराबंदी के लिए लगाए गए तार में झटका मशीन का करेंट आया, जिसकी चपेट में आने से लक्ष्मी देवी अचेत हो गईं। आसपास के लोगों ने देखा तो दौड़कर डंडा मारकर करेंट छुड़ाया और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं खेत में झटका मशीन लगाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। फेफना थाना प्रभारी विश्वदीप सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भदोही समाचार

### अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

**चौरी।** लठिया गांव के पास बृहस्पतिवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। इसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरुनहा गांव निवासी श्याम नारायण सिंह (60) बाइक से ममहर बाजार से घर जा रहे थे। वे लटिया गांव के पास पहुंचे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए। उन्हें भदोही के एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राम सरीख गौतम ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## देवरिया समाचार

### ईद को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

**बांसी।** ईद के मौके पर सेंवई का खास महत्व होता है। यही वजह है कि जैसे ही ईद नजदीक आ रही है बाजारों में तरह-तरह की सेंवइयां मिलनी शुरू हो गई है। इस बार भी कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के बाजार सेंवई से पटे पड़े हैं। ईद को प्रेम और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है।

इस मौके पर सेंवई खाने और खिलाने की प्रथा सदियों पुरानी है। इस वजह से इसे मीठी ईद भी कहा जाता है। ईद के अवसर पर कई प्रकार की सेंवई बनाई जाती है, जिसे लेकर कई दिन पहले से तैयारियां शुरू हो जाती है। इस साल 21 मार्च को ईद मनाए जाने की संभावना है। इसे लेकर बाजार तरह-तरह की सेंवइयों से सज चुका है।

कस्बे के कोतवाली रोड, मंगल बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों में ईद में सेंवई की दुकान सजी हुई है, जहां सौ से दो सौ रुपये किलो तक की सेंवई बिक रही है। ईद मनाने की तैयारी में जुटे हुसैन अहमद का मानना है कि ईद की मिठास सेंवई से है। यह शुरू से प्रथा बना हुआ है, आदमी चाहे तो मिठाई भी खा सकता है, मगर सेंवई की बात ही कुछ और है। ईद की तैयारी में जुटे अब्दुल मोईद बताते हैं कि वो हर साल ईद के मौके पर सेंवई और लच्छा लोगों को खिलाकर खुशियां मनाते हैं।

**सूत फेनी और लच्छा की मांग बढ़ी :** रमजान माह शुरू होते ही सेंवई की दुकान सज गई है। इस मौके पर सबसे अधिक सूतफेनी, लच्छा सेंवई की डिमांड होती है। ईद पर भी इसकी मांग बढ़ जाती है। इसके अलावा बनारस से आए सेंवई और लच्छा की डिमांड काफी है। ईद की तैयारी में सेंवई के साथ ड्राई फ्रूट्स और अन्य सामान की भी लोग खरीदारी कर रहे हैं।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने ई0वी0एम0 वी0वी0 पैट गोदाम का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने भिस्कुरी स्थित ई0वी0एम0 वी0वी0 पैट गोदाम का त्रैमासिक आन्तरिक निरीक्षण किया। इस दौरान ई0वी0एम0 गोदाम को खोलकर प्रमुख राजनैतिक दलो के पदाधिकारियो के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम व लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरे आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सफाई एवं सुरक्षा के दृष्टिगत तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तैनात सुरक्षा कमिर्यो को निर्देशित करते हुये कहा कि ई0वी0एम0 वी0वी0 पैट को सुरक्षित वातावरण में रखा जाये।

## गोरखपुर समाचार

### गैस वितरण ठप होने से भड़के उपभोक्ता, पीपीगंज गैस एजेंसी पर किया विरोध प्रदर्शन



**गोरखपुर।** पीपीगंज स्थित गैस एजेंसी के सील होने के बाद क्षेत्र में गैस वितरण बाधित होने से गुरुवार को उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह से गैस लेने के लिए लाइन में खड़े ग्रामीणों ने जब लंबे समय तक वितरण शुरू नहीं होते देखा तो आक्रोशित होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि आशीष इंडियन गैस सर्विस के प्रोपराइटर पवन वर्मा के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई के बाद एजेंसी को सील कर दिया गया था। इसके बाद से पूरे क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था प्रभावित हो गई है। बृहस्पतिवार सुबह से ही पीपीगंज क्षेत्र सहित भरोहिया ब्लॉक के विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण गैस लेने के लिए पहुंच गए और लंबी कतार लग गई। लाइन में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की भी बड़ी संख्या रही, जो तेज धूप में कई घंटों तक भूखे-प्यासे खड़े रहे। आपूर्ति विभाग की ओर से पहले आश्वासन दिया गया था कि वैकल्पिक व्यवस्था कर गैस का वितरण कराया जाएगा, लेकिन करीब 22 घंटे बीत जाने के बाद भी वितरण शुरू नहीं हुआ। इससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई।

ग्रामीणों का कहना था कि पीपीगंज के भगवानपुर स्थित गैस गोदाम में गैस से भरी गाड़ी खड़ी है और लगभग 410 सिलेंडर भी मौजूद हैं, इसके बावजूद वितरण शुरू नहीं कराया जा रहा है। इससे परेशान उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए जल्द गैस आपूर्ति बहाल करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान बिट्टू जायसवाल, शुभम यादव, रविंदर, कुसुम भारती, अनुष्का, प्रदीप, मुनीब सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द गैस आपूर्ति शुरू नहीं कराई गई तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## जौनपुर समाचार

### जनपद स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका प्रतियोगिताएं 15 से

**जौनपुर।** खेल निदेशालय लखनऊ एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर 15 मार्च से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। 15 मार्च को जूनियर बालिका कबड्डी, जूनियर बालिका वॉलीबॉल और जूनियर बालक एवं बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 16 मार्च को जूनियर बालक कबड्डी, जूनियर बालक वॉलीबाल, जूनियर बालक फुटबाल तथा जूनियर बालक एवं बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 18 मार्च को जूनियर बालक एवं बालिका वेटलिफ्टिंग, जूनियर बालक एवं बालिका तलवाबाजी, जूनियर बालक एवं बालिका हैंबाल एवं जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## आजमगढ़ समाचार

### सामूहिक विवाह में 260 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ



**आजमगढ़।** श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज परिसर में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 294 जोड़ों का पंजीकरण किया गया था, जिनमें से 260 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न हुआ। शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सोनू सिंह, खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार शर्मा और जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान पंडित धीरज मिश्रा और आचार्य विनोद उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्में संपन्न कराईं। योजना के तहत सरकार की ओर से एक विवाह पर कुल एक लाख रुपये की सहायता दी जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में, 25 हजार रुपये घरेलू सामान के लिए और 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान देकर विदा किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, अवनीश राय, अभिषेक सिंह सोनू, सूरज सिंह, सोनू तिवारी, शरद यादव, प्रधान मुकेश कुमार, फिरतू राम सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चंदौली समाचार

### छह दिन बाद चैत्र नवरात्र, देवी धाम जाने वाले ट्रेनों में सीटें फुल

**पीडीडीयू नगर।** देवी उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्रि की शुरुआत छह दिन बाद 19 मार्च से होगी। नवरात्र का समापन 27 मार्च को होगा। इस दौरान शक्ति उपासना देवी स्थलों पर पहुंच कर माता रानी की उपासना करते हैं। इस बार देवी धाम पहुंचना भक्तों के लिए कठिन होगा। कारण है कि शक्तिपीठों को जाने वाली ट्रेनों में सीट नहीं हैं। मैहर देवी, जम्मू में मां वैष्णो देवी, हिमाचल प्रदेश में माता ज्वाला देवी, असम में मां कामाख्या देवी जाने वाली ट्रेनों में 20 से अधिक वेटिंग है। नवरात्रि में पीडीडीयू नगर सहित चंदौली के साथ पूरे पूर्वांचल से बड़ी संख्या में भक्त देवी मंदिरों तक पहुंचते हैं। पूर्वांचल में विंध्य धाम में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। वहीं सोनभद्र के डाला में मां वैष्णो देवी धाम, भभुआ के मुंडेश्वरी धाम, सासाराम में तारा चंडी माता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं।

## सोनभद्र समाचार

### बारात में कार ने युवक को कुचलाःइलाज के दौरान मौत




**सोनभद्र।** जिले के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के खिरिस्टा गांव में बारात देखने गए एक युवक को कार ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की सोनभद्र मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर गुरुवार देर रात अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात खिरिस्टा गांव में एक बारात आई थी। डोमखरी गांव निवासी 43 वर्षीय रामरथी बैगा, पुत्र सिद्धनाथ, बारात देखने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। आरोप है कि बारात में आए कुछ युवक नशे की हालत में लापरवाही से कार चला रहे थे और उन्होंने रामरथी बैगा को टक्कर मार दी। टक्कर से रामरथी बैगा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी युवक कार लेकर मौके से भाग गए। परिजनों ने घायल रामरथी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज सोनभद्र रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान गुरुवार को रामरथी बैगा की मौत हो गई। घोरावल के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## गाजीपुर समाचार

### गाजीपुर के तीन समेत 16 शिक्षक लखनऊ तलब

**गाजीपुर।** गाजीपुर, वाराणसी, जौनपुर और आजमगढ़ समेत आठ जिलों के एक प्रधानाध्यापक, दो प्रभारी प्रधानाध्यापक और 13 सहायक अध्यापकों के नाम व अभिलेख एक जैसे पाए जाने के बाद शिक्षा विभाग में खलबली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा निदेशक बेसिक ने संबंधित जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों और संबंधित शिक्षकों को पटल सहायकों के साथ 16 मार्च को लखनऊ तलब किया है। उधर, विभागीय सूत्रों का कहना है कि शासन की ओर से सूची जारी होने ओर उसमें जिले के तीन शिक्षकों के नाम सामने आने के बाद एक ने गुपचुप त्याग पत्र दे दिया है जबकि दो अन्य भूमिगत हो गए हैं। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने इस संबंध में नौ मार्च को पत्र जारी किया है। पत्र में उल्लेख है कि जनवरी में मानव संपदा पोर्टल पर जांच के बाद गाजीपुर में तीन, वाराणसी में दो, जौनपुर में दो, आजमगढ़ में पांच, रायबरेली, सुल्तानपुर, बस्ती और सीतापुर जिले से एक-एक समेत 16 शिक्षकों को चिह्नित किया गया है। इनकी एक से अधिक आईडी मानव संपदा पोर्टल पर सक्रिय पाई गई है। अब मामले की जांच के लिए सभी को अपने मूल शैक्षिक और प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, अंकपत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड और सेवा पुस्तिका सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है। शिक्षा निदेशक बेसिक की ओर से जारी सूची के अनुसार गाजीपुर जनपद में तैनात उच्च प्राथमिक स्कूल भाटौली की सहायक अध्यापक अनिता शुक्ला, कंपोजिट स्कूल, शाहपुर में तैनात हेडमास्टर दिग्विजय कुमार राय, बीएसए ऑफिस में तैनात हेडमास्टर श्रीकांत सिंह को बुलाया गया है। वाराणसी जनपद के कंपोजिट स्कूल गैरहा के सहायक अध्यापक रवि प्रकाश मिश्रा, कंपोजिट स्कूल बरनी के सहायक अध्यापक श्रीकांत सिंह, आजमगढ़ जनपद के पीएस शाहिद के सहायक अध्यापक रवि प्रकाश मिश्रा, पीएस जोकहरा के सहायक अध्यापक सज्जन कुमार, तहबरपुर में तैनात स.अ. जयशंकर यादव को तलब किया गया है।

## प्रयागराज समाचार

### 11वीं की छात्रा को ट्रक ने रौंदाः साइकिल के साथ 25 फीट तक घिसटती गई



**प्रयागराज।** कोचिंग जा रही 11वीं की छात्रा को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। छात्रा साइकिल के साथ करीब 25 फीट दूर तक घिसटती चली गई। इसके बाद कमर से ऊपर की बॉडी अलग-अलग हिस्सों में बंट गई। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर भागने लगा तो लोगों ने बाइक से पीछा करके करीब 200 मीटर दूर जाकर पकड़ लिया। अपने को घिरता देखकर ड्राइवर ट्रक छोड़कर खेतों की ओर भागने लगा। लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी। जमकर लात-घूंसे मारे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को भीड़ से छुड़ाया और थाने ले गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 4 थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।

छात्रा की पहचान रैनी गांव के रहने वाले आनंद बहादुर यादव की बेटी प्राची के रूप में हुई है। छात्रा आदर्श इंटर कॉलेज में 11वीं की छात्रा है। हादसा सुबह साढ़े बजे फूलपुर के मैलहन गांव में हुआ। फूलपुर के मैलहन में हादसे के बाद छात्रा की डेडबॉडी सड़क पर दो टुकड़ों में बिखर गई। छात्रा के बैग भी सड़क पर पड़े रहे।

हादसे के बाद साइकिल और छात्रा की डेडबॉडी सड़क पर पड़ी रही। हादसे के बाद हंगामे की सूचना पर करीब 4 थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। हादसे के बाद हंगामे की वीडियो बनाने पर लोगों ने 3 लोगों को पीट दिया। माहौल तनावपूर्ण बन गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे फूलपुर चेयरमैन अमरनाथ यादव ने लोगों को समझाया। काफी मान-मनौव्वल के बाद लोग माने। थोड़ी देर बाद सपा विधायक विजमा यादव भी पहुंच गईं। मृतका छात्रा के पिता आनंद बहादुर की तहरीर पर आरोपी ट्रक ड्राइवर इंद्रजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक पुलिस हिरासत में है।

## लाइफ मंत्र

### 18 मार्च से चमकेगी इन 6 राशियों की किस्मत, करियर और कारोबार में मिलेंगे बड़े मौके



वैदिक ज्योतिष में बुध ग्रह को बुद्धि, वाणी, व्यापार और तर्क शक्ति का कारक माना जाता है। ग्रहों के राजकुमार कहे जाने वाले बुध देव 18 मार्च 2026 को सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर कुंभ राशि में उदित होने जा रहे हैं। पंचांग के अनुसार बुध ग्रह 27 अप्रैल 2026 तक इसी अवस्था में रहेंगे। ज्योतिषीय मान्यता है कि बुध का उदय कई राशियों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आता है।

इस बार बुध का उदय वृषभ, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला और कुंभ राशि के लिए बेहद शुभ साबित हो सकता है। इन राशियों के लोगों को करियर, व्यापार और आर्थिक मामलों में अच्छे अवसर मिलने की संभावना है। आइए जानते हैं इन राशियों को बुध उदय से क्या लाभ मिल सकते हैं।

वैदिक ज्योतिष के अनुसार बुध ग्रह का उदय बुद्धि, संचार, व्यापार और शिक्षा से जुड़े क्षेत्रों पर विशेष प्रभाव डालता है। इसलिए बुध के उदय से कई लोगों के करियर और आर्थिक जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

**वृषभ राशि**

बुध का उदय वृषभ राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ संकेत दे रहा है। इस अवधि में अचानक धन लाभ के योग बन सकते हैं। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संबंध बेहतर होंगे और आपके काम की सराहना हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में सफलता मिलने से करियर में नई ऊंचाइयां हासिल हो सकती हैं। आय बढ़ाने के नए अवसर भी मिल सकते हैं।

**मिथुन राशि**

मिथुन राशि के लिए बुध का उदय काफी लाभकारी रहने वाला है। आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिल सकता है। इस दौरान आप अच्छी कमाई करने के साथ-साथ बचत करने में भी सफल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलने से कई रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। साथ ही आपका झुकाव आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों की ओर बढ़ सकता है। धार्मिक यात्रा के भी योग बन सकते हैं।

**सिंह राशि**

सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय पेशेवर जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। नई फील्ड में काम करने का मौका मिल सकता है। समाज में आपकी पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इसके अलावा विभिन्न स्रोतों से धन लाभ होने के योग बन सकते हैं। व्यापार करने वालों को अच्छा मुनाफा मिल सकता है।

**कन्या राशि**

कन्या राशि वालों के लिए बुध का उदय करियर में तरक्की के नए रास्ते खोल सकता है। नौकरी में नए अवसर मिल सकते हैं और पदोन्नति के योग भी बन सकते हैं। आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना है। साथ ही आप आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए बचत करने में भी सफल रह सकते हैं।

**तुला राशि**

तुला राशि के जातकों के लिए यह समय काफी शुभ रहने वाला है। करियर में प्रगति के नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक दृष्टि से भी यह समय अनुकूल रहेगा। आय में बढ़ोतरी होने के साथ-साथ निवेश से लाभ मिलने की संभावना है। अगर आप निवेश करने की योजना बना रहे हैं तो यह समय आपके लिए अनुकूल हो सकता है।

**कुंभ राशि**

कुंभ राशि वालों के लिए बुध का उदय सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है।

करियर में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं और आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण काम में बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। जो लोग पार्टनरशिप में व्यापार करते हैं, उन्हें अच्छा लाभ मिल सकता है।

# Couples के लिए 'धरती का स्वर्ग' है Kerala, Houseboat में बिताएं जिंदगी के सबसे Romantic पल



हाउसबोट एक लग्जरी नाव होती है, जो केरल के बैक-वॉटर्स में तैरती है। इसमें आपको होटल जैसी सुविधाएं मिलती हैं। हाउसबोट में बाथरूम, बेडरूम, डाइनिंग एरिया और कभी-कभी प्राइवेट बालकनी भी मिलती है। आपको सबसे फेमस हाउसबोट स्टे अलेप्पी और कुमारकोम में मिलता है। अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ रोमांस, शांति और नेचर की गोद में कुछ खास पल बिताना चाहते हैं। तो केरल का हाउसबोट स्टे आपके लिए ड्रीम डेस्टिनेशन साबित हो सकता है। केरल को ईश्वर के देश के नाम से जाना जाता है। यहां का बैकवॉटर्स, हरियाली और हाउसबोट का एक्सपीरियंस किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं लगता है। ऐसे में अगर आप अपने रिश्ते में रोमांस, नई ताजगी और सुकून चाहते हैं, तो केरल का हाउसबोट स्टे एक परफेक्ट ऑप्शन है। यह सिर्फ एक ट्रिप नहीं बल्कि एक यादगार एक्सपीरियंस है, जो जिंदगी भर आपके साथ रहेगा।

**हाउसबोट स्टे**

बता दें कि हाउसबोट एक लग्जरी नाव होती है, जो केरल के बैकवॉटर्स में तैरती है। इसमें आपको होटल जैसी सुविधाएं मिलती हैं। हाउसबोट में बाथरूम, बेडरूम, डाइनिंग एरिया और कभी-कभी प्राइवेट बालकनी भी मिलती है। आपको सबसे फेमस हाउसबोट स्टे अलेप्पी और कुमारकोम में मिलता है।

**कपल्स के लिए बेस्ट हैं केरल के हाउसबोट**

आपको केरल के हाउसबोट में भीड़भाड़ से दूर पूरी प्राइवेसी मिलती है। जहां पर सिर्फ आप, आपका पार्टनर और चारों ओर फैला पानी और हरियाली। सुबह की ठंडी हवाएं और शाम का सुनहरा सनसेट और रात को पानी पर गिरती चांद की रोशनी, यह सब मिलकर इस जगह को एक परफेक्ट रोमांटिक गेटवे बना देता है।

**स्वादिष्ट केरल फूड का लुत्फ लें**

आपको हाउसबोट पर ताजा बना हुआ केरल का ट्रेडिशनल खाना परोसा जाता है।

अप्पम और स्टू
केरला फिश करी
नारियल से बनी सब्जी

इसके अलावा कई हाउसबोट्स में आपको कैंडल लाइट डिनर का भी ऑप्शन मिल जाएगा।

**लग्ज़री सुविधाएं**

एसी बेडरूम
प्राइवेट डेक
अटैच बाथरूम
24x7 स्टाफ सर्विस

इसके अलावा कुछ प्रीमियम हाउसबोट्स में आपको जकूजी और हनीमून डेकोरेशन भी मिलता है।

**फोटो और वीडियो**

केरल का हाउसबो स्टे कपल के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। आपको यहां पर हर मोड़ पर एक परफेक्ट फोटो स्पॉट मिलेगा।

**बेस्ट टाइम**

यहां पर आने का सबसे अच्छा समय अक्तूबर से मार्च के बीच होता है। वहीं आप मानसून में भी यहां पर आ सकते हैं। मानसून में आपको कम रेट में हाउसबोट, रोमांटिक माहौल और हरियाली देखने को मिलेगी।

**हाउसबोट स्टे की कीमत**

नॉर्मल हाउसबोट - 8,000 से 12,000 रुपये/रात
लग्ज़री कपल हाउसबोट - 15,000 रुपये से 30,000 रुपये/रात
वहीं इसकी कीमत सीज़न और सुविधाओं पर निर्भर करती है।



# Goa नहीं, इस बार Ratnagiri चलिए! ये Top 10 Hidden Gems जीत लेंगे आपका दिल

**महाराष्ट्र का रत्नागिरी शांत समुद्र तटों, किलों, हरे-भरे पहाड़ों और आध्यात्मिक स्थलों के लिए जाना जाता है। यह जगह भीड़-भाड़ से दूर उन यात्रियों के लिए एकदम परफेक्ट है, जो सुकून, संस्कृति और प्रकृति को एक साथ महसूस करना चाहते हैं।**

महाराष्ट्र का रत्नागिरी शांत समुद्र तटों, किलों, हरे-भरे पहाड़ों और आध्यात्मिक स्थलों के लिए जाना जाता है। यह जगह भीड़-भाड़ से दूर उन यात्रियों के लिए एकदम परफेक्ट है, जो सुकून, संस्कृति और प्रकृति को एक साथ महसूस करना चाहते हैं। ऐसे में अगर आप भी रत्नागिरी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको रत्नागिरी में घूमने वाली टॉप 10 जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यहां की खासियत और घूमने के सही समय के बारे में भी जानेंगे।

**जानिए रत्नागिरी की खासियत**

शांत और साफ समुद्र तट
आध्यात्मिक स्थल
ऐतिहासिक किले
अल्फांसो आम की धरती
कोकण की सादगी और स्वादिष्ट भोजन

**घूमने का सही समय**

बता दें कि रत्नागिरी घूमने के लिए अक्तूबर से मार्च का समय सबसे अच्छा माना जाता है। मानसून में यहां हरियाली मिलती है, लेकिन यात्रा थोड़ी कठिन हो सकती है। यह जगह उन जगहों में से है, जहां शोर नहीं बल्कि सुकून बोलता है।

**घूमने की बेस्ट जगहें**

**गणपतिपुले बीच और गणेश मंदिर**

गणपतिपुले बीच और गणेश मंदिर रत्नागिरी का सबसे फेमस स्थल है। समुद्र के किनारे स्थित स्वयंभू भगवान गणेश का मंदिर और साफ-सुथरा बीच मन को शांति देता है। परिवार और आध्यात्मिक यात्रियों के लिए यह स्थान परफेक्ट है।

**रत्नागिरी लाइटहाउस**

अरब सागर का शानदार नज़ारा देखने के लिए रत्नागिरी लाइटहाउस बेस्ट जगह है। सूर्यास्त के समय का दृश्य यहां पर यादगार बन जाता है।

**जयगढ़ किला**

समुद्र और नदी के संगम पर स्थित जयगढ़ किला में आपको मराठी इतिहास की झलक देखने को मिलेगी। जयगढ़ किला इतिहास और फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए शानदार है।

**थिबा पैलेस**

थिबा पैलेस में म्यांमार के राजा थिबा को निर्वासित किया गया था। यह पैलेस ब्रिटिश काल के इतिहास को समझने के लिए काफी महत्वपूर्ण स्थल है।

**भाट्ये बीच**

बता दें कि भाट्ये बीच साफ और शांत है, यहां पर काफी कम भीड़ होती है। यह बीच कपल्स और सोलो ट्रैवलर्स के लिए बेस्ट है।

**मांडवी बीच**

मांडवी बीच रत्नागिरी शहर के पास स्थित है। शाम की सैर के लिए यह बीच काफी लोकप्रिय है। स्थानीय लोगों का मांडवी बीच पसंदीदा स्थल है।

**जय विनायक मंदिर**

शातं वातावरण में स्थिति जय विनायक मंदिर प्रार्थना और ध्यान के लिए उपयुक्त है। धार्मिक और मानसिक शांति की चाह रखने वालों के लिए यह जगह बेस्ट है।

**आरे-वारे बीच**

आरे-वारे बीच दो जुड़वां समुद्र तट हैं, जिनके बीच से गुजरती सड़क काफी खूबसूरत है। यह रोड ट्रिप और इंस्टाग्राम रील्स के लिए एकदम परफेक्ट है।


**पावस और स्वामी स्वरूपानंद आश्रम**

पावस और स्वामी स्वरूपानंद आश्रम आध्यात्म और ध्यान का केंद्र है। यहां पर आप आत्मिक शांति और सुकून के लिए आ सकते हैं।

**देवगढ़ किला**

रत्नागिरी के पास स्थिति देवगढ़ किला समुद्र के किनारे बना है। यहां पर आपको प्रकृति और इतिहास का बेहतरीन मेल देखने को मिलेगा।

# 48 घंटे में शांति और रोमांच का परफेक्ट प्लान, ऐसे बनाएं अपनी ट्रिप यादगार



अगर आप वीकेंड पर ऋषिकेश जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह 48 घंटे का ट्रैवल गाइड आपकी यात्रा को यादगार बना देगा, जिसमें गंगा आरती जैसे आध्यात्मिक अनुभव और रिवर राफ्टिंग जैसे रोमांचक एडवेंचर दोनों शामिल हैं।

देवभूमि उत्तराखंड में बसा ऋषिकेश आध्यात्मिक शांति के साथ ही रोमांच के शौकीन लोगों के लिए भी बेहतरीन वेकेशन डेस्टिनेशन में से एक है। ऋषिकेश को दुनिया का योगा कैप्टिल कहा जाता है। यह शहर प्राकृतिक सुंदरता और सुहाने मौसम के लिए खूब पसंद किया जाता है। अगर आप भी वीकेंड पर ऋषिकेश घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो आप 48 घंटे में कैसे घूम सकते हैं, इस लेख में हम आपको बताएंगे। आइए बताते हैं दो दिन की ट्रिप में आप ऋषिकेश में कहां-कहां घूमने जा सकते हैं।

**पहला दिन**

आप अपनी यात्रा की शुरुआत लक्ष्मण झूला और राम झूला से कर सकते हैं। गंगा नदी के ऊपर बने ये दोनों झूले यहां आने वाले पर्यटकों को बेहद आकर्षित करते हैं और यहां से गंगा का मनमोहक दृश्य देखने का अनुभव भी खास होता है। इसके बाद पास में स्थित तेरा मंजिल मंदिर के दर्शन जरूर करें, जहां हर मंजिल पर अलग-अलग देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं।

दोपहर के खाने के लिए लक्ष्मण झूला के पास स्थित किसी लोकल कैफे में जाएं, जहां आप गंगा के किनारे बैठकर पहाड़ी कॉन्टिनेंटल खाने का लुत्फ उठा सकते हैं। फिर आप बीटल्स आश्रम की सैर करें। यहां की दीवारों पर बनीं कलाकृतियां और ध्यान केंद्र आपको एक अलग ही दुनिया में ले जाएगा।

शाम के समय त्रिवेणी घाट जरूर जाएं। यहां होने वाली भव्य गंगा आरती ऋषिकेश की सबसे खास पहचान मानी जाती है। मंत्रोच्चार की ध्वनि, जलते दीपों की जगमगाहट और श्रद्धालुओं की आस्था मिलकर ऐसा दिव्य माहौल बनाते हैं, जो मन को सुकून और आध्यात्मिक शांति से भर देता है।

**दूसरा दिन**

-सुबह- दूसरे दिन अपनी यात्रा की शुरुआत रोमांच से करें। आप ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग जरुर करें। ब्रह्मपुरी या शिवपुरी से शुरू होने वाली राफ्टिंग आपको गंगा की लहरों से टकराने का मौका देती है। यदि आप और ज्यादा ही एडवेंचर करना चाहते हैं, तो बंजी जंपिंग या जायंट स्विंग का मजा ले सकते हैं।

दोपहर के समय थकान मिटाने के लिए किसी शांत आश्राम या योग केंद्र में एक छोटे योग सेशन का हिस्सा बनें, वहां जा सकते हैं। इसके बाद आप नीर गढ़ वाटरफॉल की छोटी सी ट्रेकिंग करें, यहां ठंडे पानी के झरने आपकी सारी थकान मिटा देंगे। इस ट्रिप के आखिर में ऋषिकेश के लोकल बाजारों की सैर कर सकते हैं। अपने हिसाब से शॉपिंग कर सकते हैं। इसके बाद किसी रिवर-व्यू रेस्तरां में डिनर के साथ अपनी ट्रिप पूरी कर सकते हैं।

**ट्रिप के लिए जरुरी टिप्स**

- यहां पर घूमने के लिए सबसे बेस्ट ऑटो-रिक्शा और स्कूटी रेंटल ऑप्शन है।
- इसके साथ ही आरामदायक कपड़े और चलने के लिए मजबूत जूते साथ रखें। मंदिर में प्रवेश करते समय पूरे ढके हुए कपड़े पहनें, जिससे किसी की भी धार्मिक आस्था पर ठेस न पहुंचे।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682